वर्ष 28 अंक 150
पृष्ठ 20
बरेली, शुक्रवार
10 फरवरी 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

फ्यूचर कॉलेज में आयोजित जोनल स्पोर्ट्स मीट में पदक के साथ खुशी मनाते विजेता खिलाड़ी।

क्रिकेट में फ्यूचर, एथलेटिक्स में एसआरएमएस विजेता

मार लिया मैदान

- फ्यूचर कॉलेज में हुई तकनीकि विवि जोनल खेल प्रतियोगिता
- बीस कॉलेजों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

जागरण संवाददाता, बरेली : फ्यूचर कॉलेज में हुई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय की जोनल खेल प्रतियोगिता में करीब बीस डिग्री कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। मेजबान फ्यूचर कॉलेज ने शतरंज और क्रिकेट मुकाबले जीते। जबकि एसआरएमएस ने एथलेटिक्स में परचम लहराया।

मुख्य अतिथि आइवीआरआइ के संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल गर्ग, दैनिक जागरण के महाप्रबंधक मुदित चतुर्वेदी संस्था चेयरमैन मुकेश गुप्ता, महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी दी। फ्यूचर कॉलेज के अखिलेश को क्रिकेट में मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता में जरूर भाग लें। सफलता के लिए यह बेहद जरूरी है। महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा। चेयरमैन ने फ्यूचर ओलंपिक के समापन की घोषणा की। डॉ. रितेश सक्सेना ने किया। निदेशक डॉ. अभिजीत दास, प्राचार्य डॉ. एमके सिंह, डॉ. एपी सिंह, पीएस चौहान, सीएस अजय खंडेलवाल, शाहीन परवेज, केपी गंगवार, वीरेंद्र कुमार, अभिषेक सक्सेना, डॉ. चारु शर्मा, डॉ. अनुज सक्सेना, आदि मौजूद रहे। फुटबाल, बास्केटबाल महिला पुरुष वर्ग में एसआरएमएस टीम विजेता बनी। टेनिस में एसआरएमएस के जहर अली, आदित्य, आशीष, देवांश विजेता बने।

ये रहे विजेता

क्रिकेट में फ्यूचर कॉलेज ने एसआरएमएस को शिकस्त दी। शतरंज के महिला पुरुष दोनों मैच फ्यूचर ने जीते। लंबी कूद में एसआरएमएस के रेहान अहमद प्रथम, संजीव कुमार द्वितीय, महिला वर्ग में मनीषा पांडेय प्रथम, व अन्नपूर्णा सिंह द्वितीय रही। ऊंची कूद में शुभम सक्सेना प्रथम, अमन गौतम द्वितीय, महिला वर्ग में मनीषा पांडेय प्रथम, किशकु द्वितीय रही। शॉटपुट में विख्यात सिंह प्रथम, तंजीम हैदर द्वितीय, महिला वर्ग में सम्मी चौधरी प्रथम, गगनदीप कौर द्वितीय रही। सौ मीटर दौड़ में हरीश चौहान प्रथम, संजीव कुमार द्वितीय, महिला वर्ग में मनीषा पांडेय प्रथम, अन्नपूर्णा सिंह द्वितीय रही। दो सौ मीटर में रेहान अहमद प्रथम, संजीव कुमार द्वितीय और महिला वर्ग में मनीषा पांडेय प्रथम, अन्नपूर्णा सिंह द्वितीय रही। चार सौ मीटर में मो. फिजान, मो. राजिश खान द्वितीय, महिला वर्ग में अन्नपूर्णा सिंह प्रथम, वैशाली गुप्ता द्वितीय रही। आठ सौ मीटर में मो. फिजान प्रथम, आलोक द्वितीय, महिला वर्ग में कृति मोहन प्रथम, हिना द्वितीय रही। रिले रेस में अभिषेक कुमार, रेहान, हर्ष प्रशांत विजेता रहे। महिला वर्ग में शैफाली, अन्नपूर्णा, कृति और मनीषा पांडेय विजेता बनीं।